11/5/21

2 बुद्धिमान लड़का

3. **नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़कर बताओ कि ये वाक्य किसने-किससे कहे—**

	किसने कहा?	किससे कहा?
क. "क्या तुमने रास्ते में किसी ऊँट को देखा है?"	व्यापारी ने	लड़के से
ख. "मुझे नहीं पता, मैंने नहीं देखा।"	लड़के ने	व्यापारी से
ग. "अगर तुमने ऊँट को नहीं देखा तो उसके बारे में सही-सही कैसे बताया?"	राजा ने	लड़के से
घ. "तो फिर मेरा ऊँट कहाँ गया? ज़रूर कोई उसे चुरा ले गया होगा।"	व्यापारी ने	राजा से
ङ. "नहीं-नहीं, आपका ऊँट वहीं आस-पास होगा। थोड़ी दूरी पर ही घास का मैदान है।"	लड़के ने	व्यापारी से

4. **दिए गए वाक्य पढ़कर सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाओ—**

क. व्यापारी नमक का व्यापार करता था। ✓

ख. जब व्यापारी की नींद खुली तो घोड़ा वहाँ से गायब था। X

ग. राजा लड़के की बुद्धिमानी से प्रभावित हुआ। ✓

घ. व्यापारी ने लड़के को सज़ा दी। X

इन पर विचार करो

- जिस प्रकार बुद्धिमानी और सच्चाई से लड़के ने स्वयं को बचाया, उसी प्रकार कभी किसी परिस्थिति में क्या आपने स्वयं को बचाया है? सोचकर बताइए।

प्रशंसा-योग्य

1. पवित्रता, धैर्य तथा प्रयत्न के द्वारा सारी बाधाएँ दूर हो जाती हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सभी महान कार्य धीरे-धीरे होते हैं। **—स्वामी विवेकानंद**



2. मूर्खों से तारीफ़ सुनने से बुद्धिमान की डाँट सुनना बेहतर है। **—चाणक्य**

जानी-अनजानी बातें

कुछ लोग अपनी चतुराई और बुद्धिमत्ता के लिए जाने जाते हैं—

- बीरबल अपनी हाज़िरजवाबी, चतुराई और सच्चाई के लिए जाने जाते हैं।
- तेनालीराम भी अपनी चतुराई के लिए प्रसिद्ध हैं।
- राजा विक्रमादित्य की कहानियाँ न्याय और सच्चाई के लिए विश्वप्रसिद्ध हैं।

भाषा से

श्रुतलेख

व्यापार, अड़ जाना, ज़बरदस्ती, आपबीती, सलामत, लँगड़ा, काना, न्याय, बुद्धिमानी

1. **नीचे दिए शब्दों के विपरीतार्थी शब्द लिखो—**

क. शहर × गाँव	ग. सच × झूठ	ङ. दाईं × बाईं
ख. न्याय × अन्याय	घ. खुश × उदास	च. दूर × पास

2. **नीचे दिए शब्दों के लिंग बदलकर लिखो—**

क. लड़का — लड़की
ख. राजा — रानी
ग. ऊँट — ऊँटनी
घ. बुद्धिमान — बुद्धिमती

3. **दिए गए शब्दों में से वाक्यांशों के लिए एक शब्द छाँटकर लिखो—**

बुद्धिमान
इनाम
आपबीती
व्यापारी

क. जो खरीदे हुए सामान को बेचकर लाभ कमाता है — व्यापारी
ख. जो बुद्धि से काम करता है — बुद्धिमान
ग. अच्छे कार्य की प्रशंसा में दिया गया उपहार — इनाम
घ. स्वयं पर बीती हुई — आप बीती

4. **पढ़ो, समझो और करो—**

क. व्यापारी — व्यापार + ई
ख. बुद्धिमानी — बुद्धिमान + ई
ग. शहरी — शहर + ई
घ. निशानी — निशान + ई

5. **पढ़ो, समझो और लिखो—**

किसी प्राणी (मनुष्य, पशु-पक्षी) वस्तु, स्थान अथवा भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं। जैसे— अकबर, घोड़ा, कौआ, पुस्तक, विद्यालय, मुंबई, मित्रता आदि।

ऐसे ही पाँच संज्ञा शब्द पाठ में से ढूँढ़कर लिखो—

नमक, व्यापारी, ऊँट, पेड़, लड़का

प्रस्तावित गतिविधियाँ

1. अकबर और बीरबल के किस्सों में से जो किस्सा आपको पसंद है, उसे कक्षा में सबको सुनाओ।
2. अध्यापक के सहयोग से मित्रों के साथ मिलकर बुद्धिमानी, सच्चाई, ईमानदारी आदि गुणों पर आधारित लघु नाटिका तैयार करो। कक्षा में इस लघु नाटिका का मंचन करो।
3. "बुद्धिमान व्यक्ति की सदैव विजय होती है।" इस विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखो।

हमने क्या सीखा

1. स्वयं पर विश्वास करने वाले और सच के मार्ग पर चलने वाले अवश्य विजयी होते हैं। ☐
2. सूझ-बूझ और बुद्धिमानी से हर समस्या का हल निकाला जा सकता है। ☐